प्रेस नोट **11/07/2024**

यातायात जागरुकता अभियान के क्रम में 18 वर्ष के कम उम्र के छात्र/छात्राओं द्वारा दो पहिया एवं चारपहिया वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाने एवं नाबालिग बच्चों को वाहन देने वाले स्वामी के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 11.07.2024 को यातायात प्रभारी के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें के केन्द्रीय विद्यालय कंधेरी मऊ के नाबालिग छात्र/छात्राओं को वाहन न चलाने के बारे जागरुक किया गया । दो पहिया वाहन चालक के अलावा बैठे अन्य भी हेलमेट का उपयोग करें तथा यातायात/सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गयी।

एक शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी के 07 अदद मोबाईल, एक अदद साईकिल, अवैध तमन्चा व कारतूस बरामद-

आज दिनांक 11.07.2024 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर डाडी चट्टी के पास से अभियुक्त हरिराम पुत्र बालेश्वर निवासी रैनी थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की 07 अदद मोबाईल, एक अदद साईकिल, व एक अदद नाजायज तमन्चा व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 183/24 धारा 35, 317 बीएनएस व 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तार अभियुकत-

1. हरिराम पुत्र बालेश्वर निवासी रैनी थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ ।

बरामदगी-

1. 07 अदद मोबाईल ।
2. एक अदद साईकिल ।
3. एक अदद नाजायज तमन्चा व दो अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर ।

एक वांछित तथा एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 11.07.2024 को जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस द्वारा कसारा मोंड़ के पास से मु0अ0सं0 131/24 धारा 363, 366, 376(3) भादवि व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त आशीष कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी कोपाकोहना थाना कोपागंज तथा कोतवाली नगर पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त इस्तेयाक उर्फ सोनू पुत्र मुख्तार निवासी कालीचौरा मुन्शीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

आगामी श्रावण मास/कांवण यात्रा एवं मोहर्रम त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने तथा शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 11.07.2024 को श्री इलामारन जी, पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा थाना घोसी क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर शांति/सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान बड़गांव कस्बे में भ्रमण कर राम जानकी मंदिर, संवेदनशील स्थानों, ताजिया निकलने वाले मार्गों पर बिजली के तारों, सड़क के किनारे अतिक्रमण आदि का गहन निरीक्षण कर सर्व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी घोसी व प्रभारी निरीक्षक घोसी एवं पुलिस बल उपस्थित रहे।

आज दिनांक 11.07.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा थाना घोसी का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें थाना कार्यालय के त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, आदि का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को ससमय अभिलेखित करने व गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट, एचएस में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान भ्रमण कर सीसीटीएनएस शाखा, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, बैरक, भोजनालय, आर0ओ0 वाटर आदि का निरीक्षण कर व व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से प्रार्थना पत्रों को गम्भीरतपूर्वक सुनने तथा निस्तारण के बाद नियमित फीडबैक लेने हेतु निर्देश दिए गए, परिसर में भ्रमण कर साफ–सफाई इत्यादि का निरीक्षण किया गया तथा साफ सफाई उच्च स्तर का बनाये रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक घोसी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।